साप्ताहिक
निष्पक्ष...निर्भीक...निरंतर...
# विश्वास का तीर
सपांदक- आयुष राजपूत
RNI.NO- MPHIN/2022/83636
वर्ष-03 | अंक-42 | भोपाल, प्रति शुक्रवार 27 सितंबर 2024 | मूल्य-10 रूपयें | पृष्ठ-08

# प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 5 साल में दोगुना करने का लक्ष्य : सीएम

## हर व्यक्ति को उसकी क्षमता के अनुसार रोजगार दिलाने राज्य सरकार प्रतिबद्ध



**विश्वास का तीर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बताए गए विभिन्न बिन्दुओं पर ध्यान केंद्रित कर राज्य सरकार उन्हें पूरा करने का प्रयास कर रही है। खासकर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मध्यप्रदेश में तलाशने पर जोर दिया जा रहा है। गरीबों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के हित में सभी प्रकार के उद्योग स्थापित करने और रोजगार दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों को उनकी क्षमता के अनुसार रोजगार दिलाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। व्यापार और व्यवसाय के लिए प्रदेश में अनुकूल अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आने वाले 5 साल में राज्य की अर्थव्यवस्था दोगुनी करने का लक्ष्य है, जिसे हम तीन साल में ही पूरा करने का प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए टैक्स और जीएसटी का संग्रहण बढ़ाने का कार्य चल रहा है। विकास के नये आयाम स्थापित करने के लिए सभी संभागों में लगातार रीजनल कॉन्क्लेव और देश के महानगरों में रोड-शो किये जा रहे हैं। इनका प्रदेश में बड़े पैमाने पर असर दिख रहा है। अभी तक 2 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव आए हैं। यह कार्य लगातार जारी रहेगा। प्रदेश में केवल बड़े उद्योग ही नहीं, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एमएसएमई के साथ स्व-सहायता समूह की बहनों को प्रोत्साहन देने का कार्य किया जा रहा है। आईटी, एआई, इंजीनियरिंग सहित उच्च तकनीक के अलग-अलग पाठ्यक्रमों के छात्रों को प्रोत्साहन देकर प्रदेश में उनकी क्षमता का उपयोग किया जा रहा है। प्रदेश के विकास, उद्योग और रोजगार बढ़ाने के प्रयास लगातार जारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सागर में डाटा सेंटर स्थापित करने के लिए एक बड़ा प्रस्ताव मिला है। प्रदेश में उद्योग व्यवसाय से जुड़े घराने लगातार सहयोग कर रहे हैं। सागर के बाद रीवा, नर्मदापुरम और शहडोल में भी रीजनल इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भविष्य का बुन्देलखंड, विकसित बुन्देलखंड होगा। प्रदेश में उद्योगों के विकास का कार्य निरंतर जारी रहेगा। छोटे से छोटे उद्यमी की सहायता के लिए भी राज्य सरकार पूर्ण सहायोग प्रदान करेगी। केन-बेतवा परियोजना के क्रियान्वयन से बुन्देलखंड के ढाई लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता की वृद्धि होगी, जिससे बुन्देलखंड क्षेत्र का स्वरूप बदल जायेगा। सागर में एयरपोर्ट का निर्माण होगा। इससे एविएशन क्षेत्र में संभावनाएं बढ़ेगी। प्रदेश के कई स्थानों पर विमानन की गतिविधियों के लिए केन्द्र सरकार का पूर्ण सहयोग मिल रहा है, इससे रोजगार भी बढेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सागर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे।

### 6 जिलों में आरंभ हुए इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन सेंटर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आरआईसी सागर के शुभारंभ अवसर पर मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश के अवसरों पर केन्द्रित लघु फिल्म एडवांटेज एमपी का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एमपीआईडीसी के सागर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय का वर्चुअल भूमि-पूजन किया। उन्होंने सागर संभाग के 6 जिलों सागर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, छतरपुर और दमोह में इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन सेंटर और संभागीय मुख्यालय में एमपीआईडीसी के रीजनल ऑफिस का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसके साथ ही कोयंबटूर (तमिलनाडू) में एमपीआईडीसी के कार्यालय का भी वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर औद्योगिक क्षेत्र से सिंधगवां की जलापूर्ति के लिए नगर निगम सागर और एमपीआईडीसी के मध्य ट्रीटेड वाटर प्रदाय के लिए एमओयू का संपादन भी हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 96 औद्योगिक इकाइयों के आशय-पत्र जारी किए। इन इकाइयों को 240 एकड़ भूमि आवंटित की जाना है। इससे 1 हजार 560 करोड़ का पूंजी निवेश एवं 5 हजार 900 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्रदाय किया जाना प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को सागर में चौथे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में शामिल उद्योगपतियों के साथ राउंड टेबल कांफ्रेंस में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में उपलब्ध व्यापक अवसर और चुनौतियों के संबंध में चर्चा की। उन्होंने उद्यमियों से संवाद में नवीन निवेश प्रोत्साहन नीति अनुसार समय सीमा में सभी सुविधाएं व स्वीकृतियां उपलब्ध कराने के साथ ऑनलाइन प्रदत्त सुविधा और आसानी से जमीन आवंटन के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की भांति प्रदेश में भी नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देने की नीति तैयार की गई है। इसमें विकास व विस्तार की व्यापक संभावना है। उन्होंने कहा कि उद्योगपति सरकार से मिलने वाले प्रोत्साहन का लाभ लें और अपने उद्योग को नये आयाम आयाम प्रदान कर रोजगार के अवसर में भी बढ़ोत्तरी करें। पवन और सौर ऊर्जा के साथ ही हाइडल पॉवर में निवेश की वृहद संभावना का क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगपतियों के बेहतर आइडिया और सुझाव पर आगे बढ़ेगी। प्रमुख सचिव, उद्योग श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह ने प्रदेश की नवीन उद्योग नीति से अवगत कराया। साथ ही आसान प्रक्रिया के जरिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। उद्योगपतियों ने भी प्रदेश की निवेश पॉलिसी की सराहना की। गुड़गांव से आए उद्योगपति ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सम्मान भी किया।

### टेक्सटाइल्स उद्योग से संबंधित समस्याओं को दूर किया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सागर के रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के दौरान द्वितीय राउंड टेबल कांफ्रेंस में टेक्सटाइल्स क्षेत्र में उद्यम स्थापना और इससे संबंधित समस्याओं को दूर करने संबंधी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा। एक प्लेटफॉर्म पर उद्योगपतियों की समस्याओं का निराकरण होगा। उन्होंने स्टार्ट-अप उद्यमियों से भी चर्चा की। टेक्सटाइल्स के महत्व और बिजनेस की कठिनाइयों के निवारण पर भी संवाद किया गया। उद्योगपतियों से शासन की नीति और सुविधाओं का लाभ लेकर व्यवसाय बढ़ाने और रोजगार के अवसर सृजित करने का आग्रह किया गया।

# 5 महीने में तैयार होगा बैरागढ़ में बना फ्लाईओवर

## थर्ड लेग से जुड़ेगा स्टेशन, जल्द काम शुरू होगा; 8 करोड़ खर्च होंगे

विश्वास का तीर

भोपाल के बैरागढ़ (संत हिरदाराम नगर) में 27 करोड़ रुपए से बन रहा फ्लाईओवर ब्रिज 5 महीने में तैयार होगा। इसके बाद करीब 5 लाख आबादी को फायदा होगा। इसके साथ थर्ड लेग से रेलवे स्टेशन जुड़ेगा और यह काम भी जल्द शुरू होगा। इस थर्ड लेग पर करीब 8 करोड़ रुपए खर्च होंगे। शुक्रवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने संत हिरदाराम नगर के फाटक रोड पर बन रहे फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण और संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन के नवनिर्माण कार्य का निरीक्षण किया। रेलवे, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम के अफसर भी मौजूद थे।

**रेलवे क्षेत्र में रुका काम शुरू**

विधायक शर्मा ने बताया, पीडब्ल्यूडी के कार्यक्षेत्र का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। बारिश में रूके रेलवे क्षेत्र का कार्य फिर एक बार तेजी से शुरू किया गया है। संबंधित रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि फरवरी 2025 तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। विधायक शर्मा ने कहा, आर्मी, रेलवे एवं राजस्व के आपसी समन्वय के साथ इस ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है।



**थर्ड लेग का काम भी शुरू**

विधायक शर्मा ने बताया, पहले इस फ्लाईओवर को इंदौर रोड से कैलाश नगर आदि क्षेत्र को जोड़ा जा रहा था। अब इसे कैलाश नगर से स्टेशन तक थर्ड लेग के माध्यम से भी जोड़ा जाएगा। इसके निर्माण में लगभग 8 करोड़ रुपए खर्च होंगे। निर्माण से स्टेशन पहुंचने की सुगमता होगी।

**हर 15 दिन में प्रोग्रेस रिपोर्ट देखेंगे विधायक**

विधायक ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अब हर 15 दिन में फ्लाईओवर की प्रोग्रेस रिपोर्ट का अवलोकन करेंगे। अब काम में तेजी आनी चाहिए। ताकि, आम लोगों को फायदा मिल सके।

**5 लाख आबादी को मिलेगा फायदा**

यह फ्लाई ओवरब्रिज 27 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा है। इससे लगभग 5 लाख आबादी को फायदा मिलेगा। संत नगर की ओर उतरने वाला फ्लाइओवर 7.50 मीटर चौड़ा एवं 300 मीटर लंबा होगा। सर्विस रोड के साथ लगभग 10 करोड़ की अतिरिक्त राशि इसमें खर्च होगी।

---

# भोपाल में एटीएम तोड़ने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार: ऑटो में पहुंचे थे वारदात करने, एटीएम से चोरी के बाद अय्याशी की थी प्लानिंग

विश्वास का तीर

भोपाल के अयोध्या नगर स्थित नरेला शंकरी में बने कैनरा बैंक के एटीएम को तोड़कर चोरी का प्रयास करने वाले नाबालिग सहित 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सभी ने ऑटो से घूककर रेकी की थी। मौका मिलते ही गेती, रॉड, सब्बल और टामी से एटीम को तोड़ने का प्रयास किया था। चोरी में कामयाब होने पर आरोपियों ने अय्याशी के लिए गोवा जाने का प्लान बनाया था। घटना 21 सितंबर की देर रात की है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तीन टीमें आरोपियों की तलाश में लगाई थीं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वारदात के समय उन्हें पुलिस वाहन का सायरन सुनाई दिया था। जिसे सुनते ही मौके से भाग निकले थे।

**ऑटो नंबर के आधार पर आरोपियों तक पहुंची पुलिस**

जांच के दौरान पुलिस ने आस पास लगे 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए। इसमें पुलिस को संदेही ऑटो नंबर दिखा। इस ऑटो के सहारे पुलितस आरोपियों तक पहुंची। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह एटीम से चोरी कर जल्द अमीर बनना चाहते थे। इससे मिलने वाली रकम से सबसे पहले गोवा घूमने का प्लान था।

**इन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार**

नंदलाल सिंह उर्फ गोलू उर्फ अज्जू उर्फ बड़े पिता स्व.राजा सिंह ठाकुर (22) ग्राम बबेरू थाना बिसंडा जिला बांदा, उत्तर प्रदेश में रहता था। बीते दो सालों से भोपाल में रहकर ऑटो चला रहा है और कोचफैक्ट्री इलाके में रहता है। आरोपी ने विधि विरोधी बालक के साथ अंदर घुसकर गैंती, टामी और कटर से मशीन तोड़ने का प्रयास किया था। आरोपी रेलवे के जीएम की गाड़ी भी चलाता था। अंकित आर्या उर्फ गप्पे पिता महेश आर्या मिस्त्री (18) निवासी हजीरा ग्वालियर फिलहाल कपड़ा मील की चाल विजय नगर चांदबड थाना स्टेशन बजरिया किराए से रहता है। आरोपी ने भी वारदात के समय नंदलाल और नाबालिग के साथ मिलकर एटीएम में तोड़फोड़ की



थी। रवि अहिरवार पिता स्व.नारायण अहिरवार (21) निवासी ग्राम रतनपुर थाना सलामतपुर जिला रायसेन फिलहाल नित्य सेवा सदन के सामने विजय नगर चांदबड़ थाना स्टेशन बजरिया में रहता है। घटना के समय आरोपी ने एटीएम से दूर खड़े रहकर निगरानी की। अंदर चोरी करने वालों को कांफ्रेंस कॉल से जानकारी दे रहा था। आरोपी ऑटो चलाता है। रोहित पंथी पिता स्व.मोहन पंथी उम्र 25 साल निवासी मऊरानी पुर झांसी उत्तर प्रदेश हाल फिलहाल कपड़ा मील की चाल विजय नगर चांदबड थाना स्टेशन बजरिया भोपाल में किराए से रहता है। वारदात में इस्तेमाल ऑटो आरोपी का था। आरोपियों को साथ लेकर गया था। वारदात के समय महार निगरानी की थी। अमन पंथी पिता स्व.मोहन पंथी उम्र 22 साल निवासी मऊरानी पुर झांसी उत्तर प्रदेश हाल फिलहाल कपड़ा मील की चाल विजय नगर चांदबड़ थाना स्टेशन बजरिया भोपाल में रहता है। इसने भी बाहर खड़े होकर निगरानी की थी।

# मासूम से रेप-हत्या का आरोपी 30 सितंबर तक रिमांड पर

## आरोपी के कपड़े जब्त, पुलिस से बोला-बच्ची को अकेला देख नीयत खराब हो गई

विश्वास का तीर

मासूम से ज्यादती के बाद हत्या का आरोपी अतुल भालसे को शुक्रवार दोपहर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। गिरफ्तारी से पहले पुलिस से भागने की कोशिश में आरोपी गिर गया था। उसके एक पांव में गंभीर चोट लगी है। पुलिस ने आरोपी के फ्लैट की एक बार फिर सर्चिंग की है। जहां से घटना के समय उसके द्वारा पहना हुआ लोअर सहित अंडर गार्मेंट्स और एक शर्ट जब्त की गई है। अन्य सामान की जब्ती के लिए पुलिस एक बार फिर उसके फ्लैट में सर्चिंग करेगी। आरोपी की मां बसंती और बहन चंचल को जेल भेज दिया गया है। घटना के बाद आरोपी किन-किन लोगों के संपर्क में था। क्या घटना की जानकारी उसने किसी अन्य को भी दी थी, इस संबंध में भी उससे पूछताछ की जाएगी। पुलिस घटना का री रीक्रिएशन भी करेगी।

**सूनेपन का उठाया था फायदा**

आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि फागिंग के कारण लोगों ने अपने फ्लैट के गेट बंद कर लिए थे। आम तौर पर मल्टी में भीड़भाड़ रहती है। मंगलवार की दोपहर बच्ची धुएं के कारण बरामदे में अकेली दिखी। यह मौका देख उसकी नीयत खराब हो गई। उसने बच्ची को फ्लैट में खींच लिया। इस समय उसकी मां और बहन दोनों काम पर गई थीं। यहां उसने बच्ची के साथ ज्यादती की। मासूम की



तबीयत बिगड़ी तो इससे वह घबरा गया, पहले उसका मुहं दबाया और बाद में गला घोंट दिया।

**मां के लौटते ही बोला था-बच्ची मार दी**

मंगलवार की दोपहर को आरोपी की मां जब काम से लौटी तब उसने पूरा घटनाक्रम मां को बता दिया था। मां ने बहन के आने पर उसे भी मामले की जानकारी दी। बॉडी को ठिकाने लगा पाता इससे पहले ही मल्टी में बच्ची को तलाश करना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में पुलिस भी आ गई। इससे उसे शव को ठिकाने लगाने का मौका नहीं मिला।

**पानी की टंकी में रखा था शव**

मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात शव को कपड़े में बांधकर पानी की टंकी में रख दिया। ऐसा करने की बात उसकी मां ने ही कही थी। बाद में पानी की टंकी सहित बॉडी ठिकाने लगाने का प्लान था। लेकिन पुलिस मौके से हटी ही नहीं। मल्टी के चारों और पुलिस बल तैनात रहा।

**मानव तस्करी के एंगल पर भी जांच**

पुलिस का कहना है कि आरोपी की मां बसंती भालसे द्वारा पूर्व में एक बच्चे को अगवा किए जाने की जानकारी मिली है। हालांकि मामला काफी पुराना है। पुलिस इस मामले में उनसे मानव तस्करी के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। मल्टी में आस पास रहने वालों ने बसंती और उसकी बेटी चंचल का आचरण संदिग्ध बताया है। उनके घर अंजान लोगों का भी आना जाना था। पुलिस को इस बात का भी संदेह है कि आरोपी किसी सैक्स रैकेट से भी जुड़े हैं।

**घटना के बाद डीजीपी ने प्रदेश पुलिस को क्या आदेश दिए**

डीजीपी सुधीर सक्सेना ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश पुलिस के सभी जिलों में पदस्थ कमिश्नर, आईजी, एएसपी को अहम आदेश दिए हैं। डीजीपी ने आदेश दिया कि पिछले 10 सालों में किसी भी तरह के यौन अपराधों में संलिप्?त अपराधियों की जांच होगी। ऐसे लोगों पर पुलिस प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कार्रवाई करेगी। सभी स्कूलों में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का कढ़ाई से पालन कराने के आदेश भी पुलिस कप्तानों को दिए हैं। इसी के साथ डीजीपी ने प्रदेश में होने वाले समस्त जिलों में आयोजित गरबा कार्यक्रमों में महिला सुरक्षा के विशेष ध्यान देने के आदेश दिए हैं।

# बड़ा तालाब में युवक के पेशाब करने का मामला

## भोपाल नगर निगम की टीम कार नंबर से आरोपी तक पहुंची; लगाया जुर्माना

विश्वास का तीर

भोपाल के वीआईपी रोड से एक युवक के बड़ा तालाब में पेशाब करने का वीडियो सामने आया है। 42 सेकंड के वीडियो में युवक मोबाइल पर बात करते हुए पेशाब करते नजर आ रहा है। उसकी इस हरकत का वीडियो राहगीरों ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामला गुरुवार रात का है। शुक्रवार को नगर निगम की टीम कार के नंबर के जरिए उस युवक तक पहुंची और 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। वहीं, एफआईआर के लिए थाने में आवेदन भी दिया है।

**सीहोर का रहने वाला है युवक**

निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी के संज्ञान में ये मामला शुक्रवार सुबह आया। इसके बाद निगम की टीम ने कार के नंबर के जरिए युवक की जानकारी जुटाई। कार मालिक सीहोर का रहने वाला अमित कुमार है। इस मामले में निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ने कोहेफिजा थाने में उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

**कार मालिक बोला- किसी और को दी थी कार**

कार मालिक अमित ने निगम टीम को बताया कि 26 सितंबर को उसने किसी और को कार चलाने के लिए दी थी। कार के नंबर के जरिए नगर निगम की टीम कार मालिक तक पहुंची



और 5 हजार जुर्माना किया। कार के नंबर के जरिए नगर निगम की टीम कार मालिक तक पहुंची और 5 हजार जुर्माना किया। सार्वजनिक स्थान पर टायलेट करने वाले शरारती तत्व की शर्मनाक हरकत को लेकर सांसद आलोक शर्मा ने भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के गौरवशाली और महान राजा भोज की प्रतिमा के सामने खुले में गंदगी (टायलेट) करने वाले युवक पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। इसके लिए पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा है।

आलेख

# शक्तिशाली देशों की सूची में भारत पहुंचा तीसरे स्थान पर



आस्ट्रेलिया के एक संस्थान, लोवी इन्स्टिटयूट थिंक टैंक, ने हाल ही में एशिया में शक्तिशाली देशों की एक सूची जारी की है। फ्एशिया पावर इंडेक्स 2024फ्र नामक इस सूची में भारत को एशिया में तीसरा सबसे बड़ा शक्तिशाली देश बताया गया है। वर्ष 2024 के इस इंडेक्स में भारत ने जापान को पीछे छोड़ा है। इस इंडेक्स में अब केवल अमेरिका एवं चीन ही भारत से आगे है। रूस तो पहिले से ही इस इंडेक्स में भारत से पीछे हो चुका है। इस प्रकार अब भारत की शक्ति का आभास वैश्विक स्तर पर भी महसूस किया जाने लगा है। एशिया पावर इंडेक्स 2024 के प्रतिवेदन में बताया गया है कि वर्ष 2023 के इंडेक्स में भारत को 36.3 अंक प्राप्त हुए थे जो वर्ष 2024 के इंडेक्स में 2.8 अंक से बढ़कर 39.1 अंकों पर पहुंच गए हैं एवं भारत इस इंडेक्स में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर आ गया है। एशिया पावर इंडेक्स 2024 को विकसित करने के लिए कुल 27 देशों और क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों का आंकलन एवं सूक्ष्म विश्लेषण किया गया है। एशिया में जो नए शक्ति समीकरण बन रहे हैं उनका ध्यान भी इस इंडेक्स में रखा गया है तथा विभिन्न मापदंडों पर आधारित पिछले 6 वर्षों के आकड़ों का विश्लेषण कर यह इंडेक्स बनाया गया है। आर्थिक क्षमता, सैन्य (मिलिटरी) क्षमता, अर्थव्यवस्था में लचीलापन, भविष्य में संसाधनों की उपलब्धता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध एवं सांस्कृतिक प्रभाव जैसे मापदंडो पर उक्त 27 देशों एवं क्षेत्रों का आंकलन कर विभिन्न देशों को इस इंडेक्स में स्थान प्रदान किया गया है। उक्त इंडेक्स में अमेरिका, 81.7 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर है। चीन 72.7 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर है। भारत ने इस इंडेक्स में 39.1 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जापान को 38.9 अंक, आस्ट्रेलिया को 31.9 अंक एवं रूस को 31.1 अंक प्राप्त हुए हैं एवं इन देशों का क्रमशः चतुर्थ, पांचवा एवं छठवां स्थान रहा है। इस इंडेक्स में प्रथम 5 स्थानों में से 4 स्थानों पर फ्क्वाडफ्र के सदस्य देश हैं – अमेरिका, भारत, जापान एवं आस्ट्रेलिया। एशिया में अमेरिका की लगातार बढ़ती मजबूत ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि, चीन की मजबूत मिलिटरी ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। जापान के इस इंडेक्स में तीसरे से चौथे स्थान पर आने के कारणों में मुख्य कारण उसकी आर्थिक स्थिति में लगातार आ रही गिरावट है। भारत ने चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर छलांग लगाई है। आर्थिक क्षमता एवं भविष्य में संसाधनो की उपलब्धता के क्षेत्र में भारत को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही, सैन्य क्षमता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध के क्षेत्र एवं सांस्कृतिक प्रभाव के क्षेत्र में भारत को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। अब केवल अमेरिका और चीन ही भारत से आगे हैं एवं जापान, आस्ट्रेलिया एवं रूस भारत से पीछे हो गए हैं। जबकि, कुछ वर्ष पूर्व तक विश्व की महान शक्तियों में भारत का कहीं भी स्थान नजर नहीं आता था। केवल अमेरिका, रूस, चीन, जापान, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रान्स आदि देशों को ही विश्व में महाशक्ति के रूप में गिना जाता था। अब इस सूची में भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उक्त इंडेक्स तैयार करते समय आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड आदि अन्य शक्तिशाली देशों का भी आंकलन किया गया है। साथ ही, विश्व में तेजी से बदल रहे शक्ति के नए समीकरणों का भी व्यापक आंकलन किया गया है। इस आंकलन के अनुसार अमेरिका अभी भी एशिया में सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बना हुआ है। चीन तेजी से आगे बढ़कर दूसरे स्थान पर आया है। तेजी से बढ़ती सेना एवं आर्थिक तरक्की चीन की मुख्य ताकत है। उक्त प्रतिवेदन में यह तथ्य भी बताया गया है कि उभरते हुए भारत से अपेक्षाओं एवं वास्तविकताओं में अंतर दिखाई दे रहा है। इस प्रतिवेदन के अनुसार, भारत के पास अपने पूर्वी देशों को प्रभावित करने की सीमित क्षमता है। परंतु, वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। भारत अपने पड़ौसी देशों नेपाल, भूटान, श्रीलंका, बंगलादेश, म्यांमार एवं अफगानिस्तान, आदि की विपरीत परिस्थितियों के बीच भारी मदद करता रहा है। आसियान के सदस्य देशों की भी भारत समय समय पर मदद करता रहा है, एवं इन देशों का भारत पर अपार विश्वास रहा है। कोरोना के खंडकाल में एवं श्रीलंका, म्यांमार तथा अफगानिस्तान में आए सामाजिक संघर्ष के बीच भारत ने इन देशों की मानवीय आधार पर भरपूर आर्थिक सहायता की थी एवं इन्हें अमेरिकी डॉलर में लाइन आफ क्रेडिट की सुविधा भी प्रदान की थी ताकि इनके विदेशी व्यापार को विपरीत रूप से प्रभावित होने से बचाया जा सके। उक्त प्रतिवेदन के अनुसार भारत के पास भारी मात्रा में संसाधन मौजूद हैं एवं जिसके बलबूते पर आगे आने वाले समय में भारत के आर्थिक विकास को और अधिक गति मिलने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। साथ ही, भारत अपने पड़ोसी देशों की आर्थिक स्थिति सुधारने की भी क्षमता रखता है। भारत ने हाल ही के वर्षों में उल्लेखनीय आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू किए हैं। जिसके चलते लगातार तेज हो रहे आर्थिक विकास के बीच सकल घरेलू उत्पाद की स्थिति और बेहतर हो रही है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की मान्यता बढ़ रही है। साथ ही, बहुपक्षीय मंचों पर भी भारत की सक्रिय भागीदारी बढ़ती जा रही है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में एशिया के कई देशों के साथ अपने सम्बंधों को मजबूत किया है। अब तो अफ्रीकी देशों का भी भारत पर विश्वास बढ़ता जा रहा है एवं भारत में ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। भारत में हाल ही में अपनी कूटनीतिक एवं राजनयिक क्षमता में भी भरपूर सुधार किया है एवं इसके बल पर वैश्विक स्तर पर न केवल विकसित देशों बल्कि विकासशील देशों को भी प्रभावित करने में सफल रहा है।

## 'मेक इन इंडिया' पहल के 10 साल आज पूरे हो गए!

संपादकीय

आज आप में से प्रत्येक का अभिनंदन करने का शानदार अवसर है जिन्होंने इस पहल को अत?यंत सफल बनाया है। आप में से प्रत्येक व?यक्ति अग्रणी, दूरदर्शी और अन्वेषक है जिनके अथक प्रयासों से ही 'मेक इन इंडिया' की सफलता सुनिश्चित हुई है, और इस तरह से हमारा देश वैश्विक आकर्षण एवं जिज्ञासा का केंद्र बन गया है। इस अथ?क सामूहिक प्रयास से ही एक सपने ने एक अत?यंत प्रभावशाली आंदोलन या मुहिम का रूप ले लिया है। 'मेक इन इंडिया' का व?यापक प्रभाव यह दर्शाता है कि भारत की प्रगति थमने वाली नहीं है। यह एक ऐसा अहम प्रयास था जो दस साल पहले इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ शुरू हुआ था– विनिर्माण में भारत की प्रगति को और तेज करना, और इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना कि हमारा जैसा प्रतिभाशाली राष्ट्र केवल आयातक ही नहीं, बल्कि निर्यातक भी बने। पिछले एक दशक पर विचार करते समय मैं इस बात पर गर्व महसूस किए बिना नहीं रह सकता कि 140 करोड़ भारतीयों की अपार क्षमता और कौशल ने हमें कितना आगे बढ़ा दिया है। 'मेक इन इंडिया' की छाप सभी क्षेत्रों में दिखाई देने लगी है जिनमें वे क्षेत्र भी शामिल हैं जिनमें हमने अपनी अमिट छाप छोड़ने का सपना कभी भी नहीं देखा था। मोबाइल का विनिर्माण... हम सभी यह जानते हैं कि मोबाइल फोन अब कितने अहम हो गए हैं, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि वर्ष 2014 में हमारे यहां पूरे देश में केवल दो मोबाइल विनिर्माण इकाइयां थीं। आज यह संख्या बढ़कर 200 से भी अधिक हो गई है। हमारे देश से मोबाइल निर्यात मात्र 1,556 करोड़ रुपये से ऊंची छलांग लगाकर 1.2 लाख करोड़ रुपये के आश्चर्यजनक आंकड़े को छूने लगा है – यह 7500ब्र की आश्चर्यजनक वृद्धि को दर्शाता है! आज भारत में इस्तेमाल होने वाले 99ब्र मोबाइल फोन सही मायनों में 'मेड इन इंडिया' हैं। हम पूरी दुनिया में दूसरे सबसे बड़े मोबाइल निर्माता बन गए हैं। हमारा सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र 1.5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का निवेश आकर्षित करने में सफल रहा है, जिसमें पांच संयंत्रों को मंजूरी दी गई है जिनकी संयुक्त क्षमता प्रतिदिन 7 करोड़ से भी अधिक चिप्स की होगी! नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हम पूरी दुनिया में चौथे सबसे बड़े उत्पादक देश हैं जिसमें कुल क्षमता केवल एक दशक में 400ब्र बढ़ गई है। हमारा इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग जोरदार उछाल के साथ 3 अरब डॉलर का हो गया है, जो वर्ष 2014 में तो एक तरह से अस्तित्व में ही नहीं था। रक्षा उत्पादों का निर्यात मात्र 1,000 करोड़ रुपये से ऊंची छलांग लगाकर 21,000 करोड़ रुपये हो गया है, जो अब तो 85 से भी अधिक देशों में पहुंच गया है।

# ठेकेदार मर्डर-सुसाइड केस

## पत्नी-बेटे की हत्या कर खुदकुशी करने वाला नरेंद्र 7 दिन पहले ही लाया था बंदूक



**विश्वास का तीर**

ग्वालियर में नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार नरेंद्र सिंह चौहान ने पत्नी और बेटे की गोली मारकर हत्या के बाद खुदकुशी की थी। मामले में गुरुवार को पिता-पुत्र और मां के शवों का एक साथ इटावा में रात को यमुना नदी के किनारे अंतिम संस्कार किया गया। ठेकेदार ने जिस बंदूक से घटना को अंजाम दिया वह उसे सात दिन पहले ही अपने पुश्तैनी घर यूपी के इटावा से ग्वालियर लाया था। यानी सात दिन पहले ही उसने यह कदम उठाने के बारे में ठान लिया था। दरअसल, बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के बारह बीघा इलाके में रहने वाले नरेंद्र (47) ने मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात परिवार समेत सुसाइड कर लिया था। उसने पहले बेड पर सो रहे बेटे आदित्य (20), फिर पत्नी सीमा चौहान (42) की हत्या की थी। फिर खुद को गोली मार ली थी।

**बेटे आदित्य के सीने में लगी गोली कोहनी में फंसी मिली**

गुरुवार दोपहर बाद तीनों के शव का पैनल से पोस्टमॉर्टम कराया गया। बेटे आदित्य के सीने में लगी गोली कोहनी में फंसी मिली। तीनों के मोबाइल, फोरेंसिक जांच के लिए लैब भेजा जाएगा, घर में लगी छ्ष्ठ्ञ्ङ्क कैमरों की छ्ङ्क्र (डिटेल वीडियो रिकॉर्डर) को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है, इसकी भी जांच की जाएगी। पूरे परिवार के शव को नरेंद्र के दोनों भाई व बहन ग्वालियर आकर साथ लेकर इटावा गए और रात 8 बजे के बाद पति-पत्नी का अंतिम संस्कार साथ हुआ और फिर बेटे का अलग से अंतिम संस्कार किया गया है। सुसाइड नोट में गोली कांड का दोषी बताया गया ठेकेदार का साला अपने फ्लैट पर ताला डालकर अब भी फरार है।

**हाल ही में तीन बीघा जमीन बेची थी**

जानकारी के मुताबिक नरेंद्र ने एक सप्ताह पहले अपने छोटे भाई से फोन पर अपनी खराब आर्थिक स्थिति पर चर्चा करते हुए रुपयों की जरूरत बताई थी। जिस पर भाई ने व्यवस्था कर देने की बात भी कही थी। नरेंद्र ने हाल ही में अपनी पूर्व में खरीदी तीन बीघा जमीन की डील भी की थी। नरेंद्र को साले राजीव उर्फ गुड्डू के अलावा एक अन्य रिश्तेदार द्वारा परेशान किए जाने की बात भी सामने आई है।

**18 साल पहले ग्वालियर आया नरेंद्र**

ठेकेदार नरेंद्र चौहान 2006 में यूपी से ग्वालियर आया था। यहां पर कुछ समय तक वह परेशानी में रहा फिर मित्रों के साथ इंजीनियरों से मेल-मुलाकात कर ठेकेदारी करने लगा। बाद काम बढ़ने पर नरेंद्र ने पत्नी के नाम से भी कंपनी बना ली और दोनों के नाम से अलग-अलग ठेके लेकर काम करने लगा। नरेंद्र का काम इतना चल पड़ा था कि उसने कोरोना से पहले 12 बीघा जमीन में मकान बनाया, उसका एक सिटी सेंटर पर भी मकान है।

**माता-पिता दोनों बेटे से बहुत प्यार करते थे**

परिजनों का मानना है कि नरेंद्र को रुपयों की परेशानी तो हुई थी लेकिन इसके कारण वह इतनी बड़ी घटना को अंजाम नहीं दे सकता है। उनका मानना है कि नरेंद्र बेटे को गोली कैसे मार सकता है। दोनों उससे बहुत प्यार करते थे और उसी के कहने पर कुछ दिनों पहले 50 लाख की लग्जरी फॉरच्यूनर कार खरीदी थी।

# भाजपा नेता का शव शिप्रा नदी में मिला

## उज्जैन में दो दिन से लापता था, इंदौर के प्राइवेट कॉलेज से कर रहा था एमबीए

**विश्वास का तीर**

उज्जैन में दो दिन से लापता भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेता का शव शुक्रवार को शिप्रा नदी में मिला है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस जांच में जुटी है। चिमनगंज मंडी थाना पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह मंगलनाथ मंदिर क्षेत्र में अंगारेश्वर मंदिर के पास नदी में लाश होने की सूचना मिली। अमन व्यास (23) के रूप में उसकी पहचान की गई। अमन मूल रूप से उज्जैन से करीब 35 किलोमीटर दूर झारड़ा गांव का रहने वाला था। पिछले 8 साल से विष्णुपुरा क्षेत्र में अपने दोस्त के साथ रहता था। अमन इंदौर के एक प्राइवेट कॉलेज से एमबीए की पढ़ाई भी कर रहा था। इसके साथ ही वह भाजपा के जिलाध्यक्ष बहादुर सिंह बोरमुंडला की सोशल मीडिया भी देखता था। वह तीन महीने पहले भाजयुमो की जिला कार्यसमिति का सदस्य बना था।

**25 सितंबर की शाम से लापता था अमन**



अमन 25 सितंबर की शाम को दोस्त को कुछ देर में आने की बात कहकर गया था। दूसरे दिन भी कमरे पर नहीं पहुंचा तो रूममेट सुनील प्रजापत ने परिजनों को सूचना दी। साथ ही अपने स्तर पर उसे खोजने की कोशिश की, जब कुछ पता नहीं चला तो नीलगंगा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

**भाजपा जिला अध्यक्ष बोले- तनाव में नहीं देखा**

वहीं, भाजपा जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह बोरमुंडला ने बताया कि तीन दिन पहले तक अमन से चर्चा हुई थी। वह तबीयत खराब के बारे में बता रहा था। दो दिन पहले तक बात हुई, इसके बाद बात नहीं हुई, तो उसके दोस्त सुनील प्रजापत से पूछा था। परिवार को सूचना देने के बाद गुमशुदगी के लिए एसपी से भी चर्चा की थी। शुक्रवार सुबह नीलगंगा टीआई ने कहा था कि ढूंढने के प्रयास कर रहे हैं। अमन का नंबर साइबर सेल को भी दिया है। बोरमुंडला ने बताया कि अमन को तनाव में रहते हुए नहीं देखा। इधर, सूचना के बाद जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम के बाहर गांव के लोगों और भाजपा नेताओं की भीड़ लग गई। पुलिस ने अमन का मोबाइल अपने कब्जे में ले लिया है।

## बोला- इलाज कराओ या इच्छामृत्यु दो; शिवराज ने दिया था बीमारी के ट्रीटमेंट का आश्वासन

# एसडीएम दफ्तर के सामने चारपाई पर मरीज का अनशन

विश्वास का तीर

'मैं भी आम लोगों की तरह जीना चाहता हूं, लेकिन गंभीर बीमारी से परेशान हूं। तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान ने आश्वासन दिया था कि इलाज देश के किसी भी कोने में कराना पड़े या विदेश भी भेजना पड़ जाए। उसकी जिम्मेदारी सरकार की और मामा की है। उन्होंने फोन पर वादा करने के बाद सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया था। दुख की बात है कि अभी भी मेरी वही हालत है। रीवा जिले की त्योंथर तहसील के उसरगांव का मनीष यादव मस्कुलर डिस्ट्रॉफी नाम की अजीब बीमारी से पीड़ित है। मनीष एसडीएम ऑफिस परिसर में पिछले तीन दिन से अनशन पर है। वह खटिया डालकर बैठा है। बीमारी में शरीर सूखकर कांटा हो गया है। इसका इलाज सिर्फ विदेश में संभव है। उसका कहना है कि जब तक इलाज का आश्वासन नहीं मिल जाता, तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा। मनीष को मिलाकर परिवार में 9 लोग हैं, इनमें से 5 लोग मस्कुलर डिस्ट्रॉफी की चपेट में हैं। इनमें तीन भाई, एक बहन और पिता बीमारी से पीड़ित हैं। स्टेम सेल थैरेपी के जरिए इस बीमारी का इलाज कुछ हद तक संभव है, लेकिन खर्च महंगा है। एक इंजेक्शन एक लाख रुपए का पड़ता है। ऐसे 20 इंजेक्शन मरीज को लगाए जाते हैं। जांच और दूसरे चार्ज का खर्च भी अलग से आता है। एक पीड़ित के इलाज में करीब 30 लाख रुपए खर्च का अनुमान है।

**पहले जान लीजिए क्या है मस्कुलर डिस्ट्रॉफी ?**

डॉक्टर यत्नेश त्रिपाठी के मुताबिक मस्कुलर डिस्ट्रॉफी ऐसी बीमारी है, जिसमें इंसान कमजोर पड़ने लगता है। मसल्स सिकुड़ने लगती हैं और बाद में यह टूटने लगती हैं। यह एक तरह का आनुवंशिक रोग है। रोगी में लगातार कमजोरी आती है। उसकी मांसपेशियों का विकास रुक जाता है। यह बीमारी पहले कूल्हे के आसपास की मांसपेशियों और पैर की पिंडलियों को कमजोर करती है। उम्र बढ़ते ही यह कमर और बाजू की मांसपेशियों को भी प्रभावित करना शुरू कर देती है।

**पिता और बड़ी बहन में थे बीमारी के मामूली लक्षण**

उसरगांव में रामनरेश यादव (60) के पांच बेटे और दो बेटियां हैं। सबसे बड़ी बेटी सुशीला यादव (38) और दूसरे



नंबर की रीतू यादव (36) हैं। इसके बाद भाइयों में सबसे बड़े सुरेश यादव (35), दूसरे नंबर के महेश यादव (28), तीसरे नंबर के अनीश यादव (25), चौथे नंबर के मनीष यादव (23) और पांचवें नंबर के मनोज यादव (20) हैं। रामनरेश और उनकी बेटी सुशीला में बीमारी के मामूली लक्षण थे। 1998 से 2003 के बीच अनीश, मनीष और मनोज का जन्म हुआ। जैसे ही, 8 से 10 साल की उम्र में पहुंचे, वैसे ही इनका शरीर सूखने लगा। स्कूल आना-जाना जारी रहा। बीमारी पर बच्चों के नाना ने गौर किया। वे 2006 में दिल्ली लेकर गए। वहां मस्कुलर डिस्ट्रॉफी बीमारी का नाम सामने आया। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, ऐसे में वे घर लौट गए। बच्चों की उम्र बढ़ती गई। सोशल मीडिया का दौर आया। समय-समय पर सोशल मीडिया के जरिए अपनी पीड़ा सुनाते रहे।

■2006 में अनीश, मनीष यादव और मनोज को नाना दिल्ली एम्स लेकर गए। वहां पहली बार मस्कुलर डिस्ट्रॉफी बीमारी का पता चला। बीमारी की रिपोर्ट दिल्ली एम्स के डॉक्टरों ने अमेरिका से मंगाई।

■2019 में रीवा संभागायुक्त अशोक भार्गव ने रीवा मेडिकल कॉलेज में जांच कराई। दूसरी बार अनजान बीमारी सामने आई। तब डॉक्टरों ने तीनों भाइयों से कहा कि अगर शादी की, तो बच्चों में भी बीमारी हो जाएगी। ऐसे में तीनों भाई और एक बहन की शादी नहीं हुई।

■2022 में सोशल मीडिया के जरिए राज्यसभा सांसद और कांग्रेस नेता विवेक तन्खा को इसका पता चला। तब उन्होंने तीनों बच्चों को दिल्ली स्थित अपने बंगले पर बुलाया। दिल्ली एम्स में जांच कराई गई। तब यूएई और जर्मनी में इलाज की बात सामने आई।

■25 मार्च 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने त्योंथर के तत्कालीन एसडीएम पीके पांडेय के मोबाइल पर कॉल के जरिए पीड़ित परिवार से बात की। दो मिनट तक शिवराज ने मनीष यादव से बात की। कहा कि आप सभी का इलाज कराया जाएगा। चाहे जो खर्च आए।

**मनीष बोला- मैं जीना चाहता हूं, वादा याद करो**

मनीष यादव ने बताया कि पिछले साल शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम में जांच करवाई गई थी। इसके बाद से संपर्क नहीं किया गया। दो महीने पहले जांच रिपोर्ट आ गई है। उसके बाद से अस्पताल से इलाज के लिए फोन आ रहे हैं, लेकिन हम आर्थिक रूप से अक्षम है। जांच रिपोर्ट के बाद इलाज की प्रक्रिया पूरी करनी जरूरी है। मनीष ने कहा कि 25 सितंबर की दोपहर से एसडीएम ऑफिस के बाहर बैठा हूं। जब तक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तक बात नहीं पहुंच जाती, तब तक अनशन जारी रहेगा। अगर सरकार इलाज नहीं दिलवा सकती, तो इच्छा मृत्यु दिलवा दे। हर व्यक्ति के जान-माल की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। अगर मांग नहीं मानी जाती, तो मैं मरना पसंद करूंगा। एसडीएम कार्यालय के सामने ही आखिरी सांस लूंगा।'

# खेत में मिले 5 शावक, बिल्ली समझकर घर लाए

विश्वास का तीर

सीहोर जिले के इछावर तहसील क्षेत्र में एक खेत में 5 शावक मिले हैं। ग्रामीण इन्हें बिल्ली के बच्चे मान रहे थे। कुछ लोगों ने इनके साथ फोटो भी खिंचवाए। शावकों के व्यवहार और बनावट में अंतर देखकर गांववालों ने फौरन वन विभाग को सूचना दी। लोगों ने बताया कि क्षेत्र में 15 दिन पहले तेंदुए के फुट प्रिंट मिले थे। मौके पर पहुंचे डिप्टी रेंजर चंदर सिंह भिलाला का कहना है कि वीडियो देखने के बाद विभाग के अफसर और वन्य प्राणी संरक्षण एक्सपर्ट ने बताया कि यह जंगली बिल्ली के बच्चे हैं। रेंजर राजकुमार शिवहरे ने बताया कि ग्रामीणों को कन्फ्यूजन हुआ होगा। यह जंगली बिल्ली ही है। हालांकि कि यह लुप्त प्राणी है। हमने बच्चों को खेत में ही छोड़ दिया था, कुछ समय बाद उनकी मां सभी बच्चों को साथ ले गई।



**किसान के खेत में मिले थे शावक**

खेरी से 2 किलोमीटर दूर किसान दिनेश वर्मा के खेत पर शावक मिले थे। ग्रामीण इन्हें तेंदुए के बच्चे मान रहे थे। इन्हें देखने के लिए ग्रामीण खेत पर इकट्ठा हो रहे थे। शुक्रवार सुबह 9 बजे सूचना देने के बाद दोपहर तक वन विभाग का कोई बड़ा अफसर मौके पर नहीं पहुंचा। वीडियो देखकर वन विभाग के नाकेदार विकास सिंह ने इन्हें सियार का बच्चा बताया था। हालांकि उसका कहना था कि मौके पर पहुंचकर ही सही पहचान हो सकती है।

**खेत में बिल्ली जैसी आवाज आई, तीन बच्चे दिखे**

खेरी गांव के किसान दिनेश वर्मा ने अपने खेत में सोयाबीन लगाई है। गुरुवार शाम को उनका बेटा मनोज खेत पर फसल देखने गया था। उसे बिल्ली जैसी आवाज सुनाई दी। खेत पर बनी झोपड़ी के पास सोयाबीन के बीच तीन बच्चे दिखे। उन्होंने इसका वीडियो बनाया। वह जंगली बिल्ली के बच्चे मानकर घर लौट आया। रात में उसने पिता को इन बच्चों के बारे में बताया।

**बिल्ली के बच्चे समझ कर घर ले आए**

किसान दिनेश वर्मा ने बताया कि सुबह फसल देखने खेत पर गए थे। उन्हें भी झाड़ियों में बिल्ली जैसे तीन बच्चे नजर आए। बिल्ली के बच्चे समझ कर ही उन्हें घर ले आए। उनके गुर्राने की आवाज से उन्हें शक हुआ। उन्होंने वन विभाग को सूचना दी। लोगों ने जब सर्चिंग की तो कुछ दूरी पर दो और बच्चे मिले।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास में राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की बैठक में कार्यों की समीक्षा की।

# महाकाल मंदिर के पास दीवार गिरी, दो की मौत

## उज्जैन में मलबे में दबे थे 4 लोग, 2 इंदौर रेफर; कलेक्टर बोले-एसडीएम करेंगे जांच

**विश्वास का तीर**

उज्जैन में शुक्रवार शाम को तेज बारिश के बीच महाकाल मंदिर के गेट नंबर चार के पास एक दीवार ढह गई। जिसके मलबे में दबने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक महिला और 3 साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें इंदौर रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। तेज बारिश के बीच ही राहत और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने कहा कि एसडीएम इस पूरे मामले की जांच करेंगे।

**महाकाल फेज 2 का काम चल रहा है...**

बताया जा रहा है कि महाकाल मंदिर के पास महाराजवाड़ा स्कूल में रिनोवेशन का काम चल रहा है। यहां महाकाल फेज 2 का काम चल रहा है। शुक्रवार सुबह से यहां बादल छाए थे। दोपहर में तेज पानी गिरा। रात में जिस समय ये हादसा हुआ उस समय भी तेज बारिश हो रही थी। पानी के तेज बहाव से रिटेनिंग वॉल ढह गई। इसके चपेट में आने से वहां नीचे दुकान लगाकर बैठे चार लोग दब गए।

**अस्पताल पहुंचे कलेक्टर और अन्य अफसर, घायलों से मिले**

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, संभागायुक्त समेत अन्य प्रशासनिक अफसर जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों से मुलाकात की। डॉक्टरों को उनके उचित इलाज के निर्देश दिए।

**उज्जैन कलेक्टर ने कहा- एसडीएम करेंगे जांच**

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि महाराजवाड़ा स्कूल के पास जो रिटेनिंग वॉल बनी थी। यह भारी बारिश के कारण ढह गई। वहां नीचे फूल बेचने वाले चार लोग मलबे में दब गए थे। उन्हें निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई। दो लोगों को इंदौर रेफर किया गया है। इस रिटेनिंग वॉल के पास एक और स्ट्रक्चर है। इस पर सुप्रीम कोर्ट का स्टे लगा हुआ है। भारी बारिश के बाद पानी को निकलने का रास्ता नहीं मिला।



इसके कारण दीवार ढह गई। एसडीएम पूरे मामले की जांच करेंगे।

**बची दीवार को जेसीबी से ढहाया जा रहा**

हादसे के बाद बची दीवार को ढहाने का काम चल रहा है। जेसीबी से क्षतिग्रस्त दीवार को पूरी तरह से गिराया जा रहा है।

**एसडीईआरएफ के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट बोले- मलबे में दबे थे 5 लोग**

होमगार्ड और एसडीईआरएफ के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट संतोष कुमार जाट ने बताया कि भगवान महाकाल की सांय कालीन आरती के ठीक पहले दीवार ढहने की घटना हुई है। महाकाल मंदिर के चार नंबर के गेट के सामने गणेश मंदिर के बगल में एक पुरानी दीवार है, वह अचानक गिर गई। मलबे में दो महिला, एक पुरुष और दो छोटे बच्चे दबे थे। जिन्हें निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल मौके से मलबा हटा लिया गया है।

# हरियाणा चुनाव, राहुल गांधी की हिसार में दूसरी रैली

## करनाल में कहा- भाजपा ने महिला पहलवानों से सेक्शुअल हैरेसमेंट करने वालों को बचाया

विश्वास का तीर

राहुल गांधी ने गुरुवार को करनाल के असंध में जनसभा को संबोधित किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा ने एथलीट्स खत्म कर दिए। महिला पहलवानों से सेक्शुअल हैरेसमेंट करने वालों को बचाया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की सरकार चलाने वाले 90 लोग हैं। उसमें सिर्फ 3 दलित हैं जबकि 45 होने चाहिए। ये लड़ाई हरियाणा नहीं बल्कि हिंदुस्तान और संविधान को बचाने की है। भाजपा ने सारी संस्थाओं को RSS के हवाले कर दिया। पूरा कंट्रोल नागपुर का है। करनाल रैली में राहुल गांधी भूपेंद्र हुड्डा और कुमारी सैलजा को एकसाथ मंच पर लेकर आए। टिकट बंटवारे में अनदेखी और हुड्डा समर्थकों के कथित जातिसूचक शब्द कहे जाने से सैलजा नाराज चल रहीं थीं। राहुल गांधी की अब दूसरी रैली बरवाला में शुरू हो गई है। इससे पहले एक हफ्ते पहले राहुल गांधी सुबह के समय अचानक करनाल पहुंचे थे। जहां उन्होंने विदेश में घायल हुए युवक के परिवार से बातचीत की थी।



### कांग्रेस अध्यक्ष बोले- जेल से फिरौतियां मांगी जा रहीं

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कहा- आज तराजू आपके हाथ में है कि किस तरह से भाजपा के कुशासन से आम आदमी तंग है। आपको ये भी देखना है कि किसानों ने अपना बलिदान दिया है। मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि बीजेपी वालों से पूछो कि हरियाणा में बेरोजगारी में नंबर वन क्यो हैं। आज हरियाणा में अपराध बढ़ता जा रहा है। महिलाओं के प्रति अपराध बढ़े हैं। हरियाणा को सबसे असुरक्षित प्रदेश बताया गया है। इसलिए यहां कोई भी उद्योगपति निवेश करने को तैयार नहीं है। आज जेलों से फिरौतियां मांगी जाती हैं। व्यापारी पूरी तरह से भयभीत हैं। सरकार दलित विरोधी सरकार चल रही है।

### हुड्डा बोले- कांग्रेस की 7 गारंटी पूरी करेंगे

भूपेंद्र हुड्डा ने कहा- देखिए आज राहुल जी आए हैं। राहुल जी ने जब भारत जोड़ो यात्रा की, उसके बाद एक नई ऊर्जा उन्होंने पैदा की। उसका नतीजा है कि अब हर व्यक्ति कांग्रेस की ओर से देख रहा है। लोगों ने दस साल कांग्रेस की सरकार देखी, इनकी भी देखी, लेकिन आज हरियाणा को इन्होंने बर्बाद कर दिया। ऐसी सरकार का अब तिरस्कार करना है। इन्होंने कहा था कि किसानों की आय दोगुनी करेंगे, लेकिन इन्होंने किसानों को भी कुछ नहीं दिया। कांग्रेस ने 7 गारंटी की है, जिनको वह सरकार बनते ही पूरा करेगी।

### हुड्डा बोले- कोई नारे न लगाए

पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने संबोधन में कहा- मेरा निवेदन है, जब तक हम बोलें, तब तक कोई न बोले। नारे कोई नहीं लगाएगा। सांसद जयप्रकाश जेपी ने कहा- जो लोग संसद में कहते थे कि एक अकेला सब पर भारी, 56 इंच का सीना।

# बेंगलुरु महालक्ष्मी मर्डर केस, आरोपी ने सुसाइड किया

## ओडिशा के गांव में पेड़ पर लटकता मिला शव; डायरी में हत्या की बात कबूली

विश्वास का तीर

बेंगलुरु के महालक्ष्मी मर्डर केस के मुख्य आरोपी ने ओडिशा के भद्रक जिले के गांव में बुधवार दोपहर फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उसका शव एक पेड़ पर लटकता मिला। उसकी बाइक भी वहीं खड़ी मिली। पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम मुक्तिरंजन रॉय है। उसके पास से एक डायरी बरामद हुई है, जिसमें उसने महालक्ष्मी के मर्डर की बात कबूली है। महालक्ष्मी और रंजन साल 2023 एक-दूसरे जानते थे और रिलेशनशिप में थे। दोनों एक ही मॉल में काम करते थे। 20 सितंबर को बेंगलुरु के व्यालिकावल इलाके में बसप्पा गार्डन के पास बने तीन मंजिला मकान में 29 साल की महालक्ष्मी की लाश मिली थी। उसके शव के 59 टुकड़े कर फ्रिज में रखे गए थे।महालक्ष्मी मल्लेश्वरम में एक कॉस्ट्यूम आउटलेट में टीम लीडर थी। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने भी कहा था कि संदिग्ध के ओडिशा में होने की जानकारी मिली है। आरोपी को पकड़ने के लिए टीमों का गठन किया गया है। उन्हें ओडिशा भेजा गया है। बेंगलुरु पुलिस भी आरोपी की तलाश कर रही थी। महालक्ष्मी 4 साल से पति को छोड़कर अकेले रहती थी महालक्ष्मी के भाई उक्कम सिंह ने बताया था कि उनका परिवार नेपाल के कठंद राज्य के टीकापुर गांव का रहने वाला है। 30 साल पहले मम्मी-पापा काम के लिए बेंगलुरु आए और यहीं बस गए। महालक्ष्मी की शादी नेलमंगला में रहने वाले हेमंत दास से हुई थी। हेमंत मोबाइल एसेसरीज की शॉप में काम करता है। महालक्ष्मी एक मॉल में काम करती थी। उनकी 4 साल की एक बेटी भी है। महालक्ष्मी और हेमंत करीब 4 साल से अलग-अलग रह रहे थे। हालांकि, दोनों का अभी तलाक नहीं हुआ था। बेटी हेमंत के साथ रहती थी। महालक्ष्मी अक्टूबर 2023 से बसप्पा गार्डन के पास 5वीं क्रॉस पाइपलाइन रोड पर व्यालिकावल में किराए के मकान में रह रही थी। घर से बदबू आने पर हुआ था मर्डर का खुलासा महालक्ष्मी के मर्डर का खुलासा तब हुआ जब उसकी बिल्डिंग में रहने वाले जीवन प्रकाश को तेज बदबू का एहसास हुआ। बदबू मकान के टॉप फ्लोर से आ रही है, जहां महालक्ष्मी रहती थी। जीवन महालक्ष्मी के दरवाजे पर पहुंचे तो बदबू इतनी बढ़ गई कि खड़ा होना मुश्किल हो गया था। दरवाजे बाहर से लॉक लगा था। जीवन ने तुरंत महालक्ष्मी के भाई उक्कम सिंह और बहन को फोन लगाया। देर रात करीब 12.30 बजे महालक्ष्मी की फैमिली पहुंची। इसके बाद दरवाजे का लॉक तोड़ा गया था। कमरे में खून बिखरा पड़ा था और जमीन पर कीड़े रेंग रहे थे। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। महालक्ष्मी की मां ने फ्रिज खोला तो अंदर बेटी का कटा सिर, पैर और डेडबॉडी के 59 से ज्यादा टुकड़े थे। पुलिस ने महालक्ष्मी के परिवार को बताया था कि ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज में मर्डर की रात 2 लोग स्कूटी से महालक्ष्मी के घर आए थे। पुलिस ने इस मामले में अशरफ नाम के हेयर ड्रेसर से पूछताछ की थी। उक्कम ने पुलिस को तीन नाम बताए थे उक्कम ने महालक्ष्मी के मैनेजर, ऑफिस के एक कलीग और एक दोस्त पर भी हत्या का शक जताया था। पुलिस ने इन्हें पकड़ा भी, लेकिन बस पूछताछ करके छोड़ा दिया था।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सपांदक आयुष राजपूत द्वारा कविता आर्फसेट प्रिंटर्स, एमपी नगर जोन -1 भोपाल ( म. प्र. ) से मुद्रित एवं 1209 पुष्पा नगर चांदबड़, भोपाल ( म.प्र. ) से प्रकाशित। संपादक- आपयुष राजपूत, मो.7247257823, 7999252366 ( प्रति शुक्रवार को प्रकाशित ) समाचारों से संपादक का सहमत होना जरूरी नहीं। ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। ) RNI.NO MPHIN/2022/83636